कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी-जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 08.05.2025

विषय:- मोबइल छिनैती करने वाले अभियुक्त रिक्की साहनी को भेलूपुर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-067/2025 धारा- 304(2) /317(2) बीएनएस थाना भेलूपुर से संबंधित अभियुक्त रिक्की साहनी पुत्र सिद्धू साहनी निवासी 4/831 मालहिया टोला थाना रामनगर जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष को दि0 08.05.2025 को रविन्द्रपुरी चौराहे के पास थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- वादी मुकदमा का दिनाक 09.02.2025 को समय 12.57 बजे, मोबाइल मोटोरोला जी13 (लैवेंडर ब्लू) रैम 4जीबी,स्टोरेज 128जीबी को कमच्छा पावर हाउस तिराहा से दो बाइक सवार अज्ञात व्यक्तियो द्वारा झपटा मारकर छीन लेने के सम्बन्ध में थाना भेलूपुर में मु0अ0सं0-067/2025 धारा- 304(2) /317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवरण पूछताछ- पूछने पर अपनी गलती की माफी मांगते हुए बता रहा है कि मेरे पास चोरी का फोन है जिसे मैं और मेरा दोस्त गजानन सेठ निवासी रामनगर थाना रामनगर वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष के साथ अपनी हीरो पैशन बाइक से कमच्छा पावर हाउस तिराहे पर सड़क पर चलते एक राहगीर से झपट्टा मारकर छीन लिया था। उसी फोन को हम लोग बेचकर जो पैसा मिलता है उससे अपने शौक पूरा करते। आज मैं छीनैती के उसी मोबाइल फोन को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लंका जा रहा थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया। कथनानुसार बयान अंकित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. रिक्की साहनी पुत्र सिद्धू साहनी निवासी 4/831 मालहिया टोला थाना रामनगर जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. एक मो० फोन मोटोरोला कम्पनी का लाइट ब्ल्यू रंग
2. घटना में प्रयुक्त वाहन हीरो पैशन बाइक गाड़ी संख्या UP65 AH 7819

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. श्री गोपाल जी कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी रेवडी तालाब थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।
3. प्र0उ0नि0 श्री विजय कुमार थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।
4. का0 सुमीत साही थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।
5. का0 सूरज भारती थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।